आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 25.05.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के छठे चरण में छह राज्यों और दो केन्द्रशासित प्रदेशों के 58 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान संपन्न।
- भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार अपने उच्चतम स्तर पर पहुंचा, लगातार तीसरे हफ्ते दर्ज की गई बढ़ोत्तरी।
- चारधाम दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा दस लाख के पार।
- राज्य सरकार ने बद्रीनाथ और केदारनाथ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मद्देनज़र दोनों धामों में यात्रा मजिस्ट्रेट की तैनाती की।
- हेमकुण्ड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुले।

चुनाव संपन्न

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आज छह राज्यों और दो केन्द्रशासित प्रदेशों के 58 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में आज वोट डाले गए। इस चरण में बिहार की आठ, हरियाणा की सभी दस, दिल्ली की सभी सात, झारखंड की चार, ओडिसा की छह, उत्तरप्रदेश की 14, पश्चिम बंगाल की आठ और जम्मू कश्मीर की एक सीट पर मतदान हुआ। सवेरे सात बजे से शुरू हुआ और अंतिम आंकड़े प्राप्त होने तक कुल मतदान प्रतिशत .............. दर्ज किया गया। अभी वोटिंग के अंतिम आंकड़े आना शेष है। राजधानी दिल्ली में आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित कई प्रमुख व्यक्तियों ने मतदान किया। केंद्रीय मंत्री डॉ एस. जयशंकर और हरदीप पुरी, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, दिल्ली की मंत्री आतिशी ने अपने–अपने केंद्रों पर वोट डाले। इसके अलावा गृह सचिव अजय भल्ला, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की नेता बृंदा करात, भाजपा उम्मीदवार मनोज तिवारी और कांग्रेस उम्मीदवार उदित राज ने भी मतदान किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने कहा है कि मतदान करना हमारी जिम्मेदारी और ताकत दोनों है। नई दिल्ली में मतदान के बाद संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे जीवंत, सक्रिय और प्रभावी लोकतंत्र है।

बढोतरी

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 17 मई को समाप्त हुए सप्ताह में 4 अरब 54 करोड़ 90 लाख डॉलर बढ़कर अपने नए उच्चतम स्तर 6 खरब 48 अरब 70 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया है। यह लगातार तीसरा हफ्ता है जब विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसी सप्ताह स्वर्ण भंडार भी एक अरब 24 करोड़ 40 लाख डॉलर बढ़कर 57 अरब 19 करोड़ 50 लाख डॉलर पहुंच गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में भी 11 करोड़ 30 लाख डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह 18 अरब 16 करोड़ 80 लाख तक डॉलर पहुंच गया।

चारधाम यात्रा

चारधाम यात्रा में इस बार आस्था, भक्ति और उल्लास अपने चरम पर है। यात्रा शुरू होने के महज पन्द्रह दिनों में ही चारों धाम के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा दस लाख के पार पहुंच गया है। अब तक दस लाख तीस हजार छह सौ इक्कीस श्रद्धालुओं ने बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन किये हैं। सबसे अधिक करीब साढे चार लाख श्रद्धालुओं ने केदारनाथ धाम के दर्शन किये हैं।

बदरीनाथ के दर्शन करने वालों का आंकड़ा दो लाख बीस हजार के पार पहुंच गया है। जबकि गंगोत्री में एक लाख छियहत्तर हजार से अधिक और यमुनोत्री में एक लाख छियासी हजार से ज्यादा तीर्थयात्रियों ने दर्शन और पूजा–अर्चना की है। साथ ही अब तक बतीस लाख ग्यारह हजार नौ सौ सतावन तीर्थयात्री चारधाम यात्रा के लिए अपना पंजीकरण करा चुके हैं।

भीड़ प्रबंधन

चारधाम यात्रा में भीड़ प्रबंधन के लिए आवश्यक पड़ने पर एन०डी०आर०एफ और आई०टी०बी०पी की सहायता ली जाएगी। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पाण्डेय ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि चारों धाम में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए दो विशेष अधिकारियों की तैनाती भी की गई है। साथ ही यात्रियों के ठहरने के लिए बने स्थानों पर विशेष सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। सेक्टर मजिस्ट्रेट सफाई व्यवस्था की हर दो घंटे में रिपोर्ट भेजेंगे।

व्यवस्था

केदारनाथ धाम की यात्रा पर पहुंच रहे भक्तों के लिये जिला प्रशासन की ओर से अब निःशुल्क रहने और खाने की व्यवस्था भी की जा रही है। इसके साथ ही श्रद्धालुओं को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। जिले के अगस्त्यमुनि खेल मैदान में प्रशासन ने पांच सौ यात्रियों के रहने और खाने की व्यवस्था की है। इसके साथ ही अगस्त्यमुनि खेल मैदान में वाहनों को पार्क करने के लिए भी व्यवस्था बनाई गई है। मैदान में स्वास्थ्य शिविर भी लगाए गए हैं, जिसमें अब तक पांच सौ से अधिक तीर्थयात्रियों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई है।

तैनाती

बद्रीनाथ और केदारनाथ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए राज्य सरकार ने दोनों धामों में यात्रा मजिस्ट्रेट की तैनाती की है। यह तैनाती कल से शुरू होकर छह जून तक के लिए दी गई है। यात्रा मजिस्ट्रेट के रूप में बद्रीनाथ धाम में अशोक कुमार पांडे और केदारनाथ धाम में पंकज कुमार उपाध्याय को तैनात किया है।

हेमकुण्ड साहिब कपाट

चमोली जिले में स्थित सिखों के पवित्र धाम हेमकुंड साहिब के कपाट आज सुबह साढे नौ बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गये। अरदास, शबद कीर्तन और गुरुवाणी के साथ सुरक्षा व्यवस्था के बीच कपाट खुलने के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरूद्वारा हेमकुंड साहिब में मत्था टेका। कल गोविन्दघाट गुरुद्वारा से पंच प्यारों की अगुवाई में सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच बैंड बाजों की धुन और पवित्र निशान के साथ श्री हेमकुंड साहिब के लिए रवाना हुआ था। जत्थे ने रात्रि विश्राम घांघरिया गुरुद्वारा में किया। गौरतलब है कि हेमकुंड साहिब की यात्रा मई–जून के महीने में शुरू होकर अक्टूबर तक चलती है। इस यात्रा में आने के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। यात्री ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। यात्रा के लिए सुरक्षा के दृष्टिगत प्रतिदिन तीन हजार पांच सौ श्रद्धालुओं को ही हेमकुंड भेजने की सीमा निर्धारित की गयी है। पुलिस की ओर से श्री हेमकुंड साहिब आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। साथ ही हेमकुंड साहिब मार्ग के मुख्य पड़ावों पर एस०डी०आर०एफ को भी तैनात किया गया है।

निरीक्षण

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदण्डे और संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप शाह ने लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए हरिद्वार के केंद्रीय विद्यालय में चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्रीय विद्यालय स्थापित विभिन्न विधान सभाओं के ए.आरओ., मतगणना कक्ष और पोस्टल बैलेट गणना कक्षों का जायजा लिया। उन्होंने कंट्रोल रूम में जिला निर्वाचन अधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल से सभी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और अत्यधिक गर्मी की सम्भावना को देखते हुए मतगणना कर्मियों के लिए पानी, जलपान सहित कूलर और पंखे की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विधान सभाओं के कक्षों में सुव्यवस्थित ढ़ंग से मतगणना कर्मियों के कुर्सियों व टेबल के समानान्तर व्यवस्था करने के दिशा–निर्देश दिये। उधर, रुद्रप्रयाग के अगस्त्यमुनि क्रीड़ा हॉल में मतगणना की तैयारियों और व्यवस्थाओं का जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने निरीक्षण किया। उन्होंने नोडल अधिकारी, बैरिकेडिंग को मतणना के लिए दोनों विधान सभाओं में 14–14 टेबल लगाने के निर्देश दिए।

गांव–गांव योग

अल्मोड़ा के सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के योग विज्ञान विभाग और नमामि गंगे के तत्वाधान में आयोजित आओ हम सब योग करें अभियान के तहत आज से गांव–गांव योग कार्यक्रम शुरू हो गया है। इसके अंतर्गत 21 जून तक राज्य में अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चम्पावत, देहरादून सहित उत्तर प्रदेश, झारखंड, दिल्ली, हैदराबाद, बंगलुरु के विभिन्न स्थानों में निःशुल्क योग शिविर आयोजित किये जांएगे। इस दौरान योग विज्ञान विभाग के लगभग 400 से अधिक प्रशिक्षु बारह हजार शिविरों के माध्यम से लोगों को योग सिखाएंगे। इसके साथ ही पूरे देश के विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के प्रशिक्षु भी सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के इस अभियान से योग–स्वयंसेवक के रूप में जुड़कर योग सिखायेंगे।

मौसम

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में अगले तीन दिनों में हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून से प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर को छोड़कर राज्य के अन्य हिस्सों में कहीं–कहीं गरज के साथ बारिश हो सकती है। विभाग ने इस अवधि के दौरान आंधी का अनुमान भी जताया है। इस बीच, राज्य में तापमान सामान्य बना हुआ है। पिछले चौबीस घण्टों में सबसे अधिक तापमान ऊधमसिंह नगर जिले के पंतनगर में 39 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

आजीविका

चमोली में गुलाब की खेती किसानों की आजीविका का अच्छा साधन बन रही है। डेमस्क गुलाब से तैयार गुलाब जल और तेल के व्यापार से किसान को फायदा मिलने लगा है। मनरेगा के तहत जोशीमठ विकास खण्ड के ग्राम पंचायत द्वींगतपोण में 35 परिवारों को गुलाब की खेती से जोडा गया था। इस सीजन में यहां किसानों ने डेमस्क रोज़ से 400 लीटर से अधिक गुलाब जल और तेल तैयार कर अच्छी आय अर्जित की है। किसानों के द्वारा चारधाम यात्रा मार्ग सहित स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से गुलाब जल का व्यापार किया जा रहा है। इससे अच्छी आय मिलने पर काश्तकार बेहद खुश है। काश्तकारों का कहना है कि परम्परागत खेती के साथ उन्होंने डेमस्क गुलाब की खेती को भी अपनाया है। गुलाब की खेती को जंगली जानवरों से भी कोई खतरा नहीं रहता है।